# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,

खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बागपत –250609
कार्यालय : फोन– 0121–2220759, सी0यू0जी0 –9473942599 फैक्स–0121–2220759
ई–मेल–upjnrbagpat@upjn.co.in

## नकारात्मक समाचार रिपोर्ट

बागपत अमर उजाला समाचार पत्र में प्रकाशित **"हिम्मतपुर सूजती से ढेड साल से पेयजल टंकी बन्द, करोडों की लागत से बनी, 200 परिवारों को नही मिल रहा है स्वच्छ पानी"** शीर्षक खबर के संदर्भ में उल्लेखित करना है कि हिम्मतपुर सूजती ग्राम की पेयजल योजना का निर्माण कार्य जल जीवन मिशन कार्यक्रम अन्तर्गत किया जा रहा है। योजनान्तर्गत अवर जलाश्य, पम्पहाउस, पाईप लाईन, गृहसंयोजन एवं बाउन्ड्रीवाल के कार्य पूर्ण कर लिए गये है। योजना में पाईप लाईन बिछाने हेतु तोडी गयी सडक का पुर्नस्थापना का कार्य भी पूर्ण कर लिया गया है। योजना के कार्य प्रारम्भ की तिथि 02.03.2023 एवं नई टाईम लाईन के अनुसार कार्य पूर्ण करने की तिथि 31.12.2027 निर्धारित है। योजना अन्तर्गत सोलर अधिष्ठापन का कार्य अभी अवशेष है, जिसे पूर्ण करने हेतु फर्म को निर्देशित कर दिया गया है। वर्तमान में योजना पर बजट के अभाव के कारण शेष कार्य लम्बित है। अवशेष कार्यो को बजट आवंटन उपरान्त शीघ्र ही पूर्ण कर लिया जायेगा। योजना से सम्बन्धित कोई भी शिकायत जल सारथी एप या टोल फ्री न0 1800–1212–164 पर की जा सकती है। उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) समस्या के त्वरित निदान हेतु प्रतिबद्ध है।

अधिशासी अभियन्ता